तेरे नाम से सांवरिया, जीवन बदल गया है, कैसे कहूं मैं बाबा, क्या क्या नहीं मिला है,
तेरे बिन बाबा कोई ना हमारा, मेरी बंदगी है तू, मेरी जिंदगी है तू श्याम, मेरी जिंदगी है तू।1

1. खाटू वाले मुझको, जल्दी क्यों न मिला तू, तुझसे मिलके सांवरिया, जिंदगी से मिल गया हूँ, मैं इक पौधा छोटा सा हूँ, मेरी सुगंध है तू, मेरी जिंदगी हैं तू श्याम, मेरी जिंदगी हैं तू।

2. दुनिया वाले बाबा, मतलब के यार सारे, वो मौज में है रहता, जो है तेरे सहारे, सबकुछ झूठा इस दुनिया में, इक साँचा है तू, मेरी जिंदगी हैं तू श्याम, मेरी जिंदगी हैं तू।

3. मेरी शोहरतें तुम्ही हो, मेरा बल भी तुम्ही हो, मेरा आज तुमसे बाबा, मेरा कल भी तो तुम्ही हो, जबतक जीवन तेरा रहूं मैं,

मेरी आत्मा है तू, मेरी जिंदगी हैं तू श्याम, मेरी जिंदगी हैं तू।कैसे कहूं मैं बाबा,तेरे नाम से सांवरिया, जीवन बदल गया है, क्या क्या नहीं मिला है, मेरी जिंदगी है तू श्याम, मेरी जिंदगी है तू।

तेरे बिन बाबा कोई ना हमारा,मेरी बंदगी है तू , मेरी बंदगी है तू,मेरी जिंदगी है तू श्याम, मेरी जिंदगी है तू ।